# गौहर महल में सजी स्वदेशी विरासत हैंडलूम मेले में दिखा मप्र का हुनर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के अवसर पर गौहर महल में राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला-2026 का शुभारंभ हुआ।

संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम तथा विकास आयुक्त , वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह मेला 14 अगस्त तक चलेगा। मेले का उद्देश्य बुनकरों और शिल्पकारों को बाजार उपलब्ध कराना तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।

मेले में मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के 40 से 45 बुनकर और शिल्पकार अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। चंदेरी की प्रसिद्ध साड़ियां, महेश्वरी वस्त्र, वारासिवनी और सौसर के सिल्क व कॉटन परिधान लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा बाग प्रिंट, दाबू छपाई, बटिक कला, जरी-जरदोजी, बीड वर्क, जनजातीय आभूषण, लकड़ी के खिलौने और गोंड-पिथौरा चित्रकला भी प्रदर्शित की गई है।

मेले में 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के तहत विभिन्न जिलों के विशेष उत्पादों को स्थान दिया गया है। इससे स्थानीय कारीगरों को अपनी कला और उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुनकरों और शिल्पकारों का सम्मान भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन पारंपरिक कला, संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भाषा की गरिमा और संवाद संस्कृति पर होगी उर्दू अकादमी की वार्षिक कार्यशाला

**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अकादमी के जिला समन्वयकों की वार्षिक कार्यशाला 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे संस्कृति भवन स्थित अकादमी सभागार में आयोजित होगी। कार्यशाला का केंद्रीय विषय 'भाषा का संस्कार और शब्द की मर्यादा' रखा गया है। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए समन्वयक भाग लेंगे। इस दौरान भाषा की शालीनता, संवाद की संस्कृति, साहित्य की सामाजिक एवं नैतिक भूमिका, सार्वजनिक जीवन में शब्दों की गरिमा तथा समकालीन संदर्भों में उर्दू भाषा और साहित्य की प्रासंगिकता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला समन्वयकों को वैचारिक और व्यवहारिक दृष्टि से प्रशिक्षित करना है। साथ ही गत वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा कर आगामी वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस दौरान अकादमी की प्रमुख साहित्यिक श्रृंखलाओं 'सिलसिला' और 'तलाशे-जौहर' के अंतर्गत आयोजित होने वाली संगोष्ठियों के विषयों और आयोजन की रूपरेखा पर भी चर्चा होगी।

# कोलार के स्कूल की बदहाली का कांग्रेस ने उठाया मुद्दा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कोलार क्षेत्र स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, ओम नगर की व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल के साथ स्कूल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वीडियो जारी कर व्यवस्थाओं पर चिंता जताई।

कांग्रेस के अनुसार स्कूल में लंबे समय से बिजली और पेयजल की समस्या बनी हुई है। विद्यालय में पहली से पांचवीं तक के करीब 70 विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी एक ही शिक्षिका पर है। कांग्रेस नेता ने बताया कि स्कूल में प्राचार्य और अतिरिक्त शिक्षकों की भी कमी है। विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने और शौचालय की खराब स्थिति का भी मुद्दा उठाया गया। स्कूल की शिक्षिका ज्योति बरमैया ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन अभी तक व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि एक ही शिक्षिका होने के कारण सभी कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाने में कठिनाई आती है। राहुल सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से स्कूल की स्थिति का निरीक्षण कर जल्द आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

## बिना टिकट मामलेः 17.50 करोड़ जुर्माना वसूला

**नप्र, भोपालः** भोपाल रेल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई तक सघन टिकट जांच अभियान चलाकर बिना टिकट और अनुचित टिकट से यात्रा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान कुल 2 लाख 30 हजार 345 मामले पकड़े गए, जिनसे 17.50 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.80 प्रतिशत अधिक है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 2368/ न.पा.नि./ राजस्व/2026-27 रीवा, दिनांक 07/08/2026

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-8 इन्द्रिरा नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 1/21/333 क्षेत्रफल 2400.00 वर्गफिट श्रीमती सरोज सिंह पति श्री प्रकाश सिंह परिहार निवासी इन्द्रिरा नगर रीवा (म.प्र.) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्रीमती रत्न प्रभा सिंह पति श्री राकेश सिंह निवासी खैरहन तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 10.06.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 1/21/333, के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन /आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदिका श्रीमती सरोज सिंह पति श्री प्रकाश सिंह परिहार निवासी इन्द्रिरा नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक 1/21/333 क्षेत्रफल 2400.00 वर्गफिट, का नामान्तरण श्रीमती रत्न प्रभा सिंह पति श्री राकेश सिंह निवासी खैरहन तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड, भोपाल**

एमजेसी एसयूसी/133/2026

राजेश कीर **बनाम** अध्यक्ष, मुख्यालय मध्य प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड

NEXT DATE: 23-09-2026

**प्रेषिती**-सर्वसाधारण। **आम जनता** को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कीर पता मकान नंबर 5/6, वार्ड नंबर 18, शक्ति नगर, गणेश मंदिर छोला रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश ने मृतक स्व. श्रीमती ऊषा कीर की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23.09.2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23-09-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 27-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें-1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खंड, भोपाल**

1224

**आम सूचना**

यह कि मकान क्रमांक 191 (पुराना क्रमांक 57/87), स्थित आदर्श नगर, बजरंग अखाड़ा के पास, इब्राहिमगंज, वार्ड क्रमांक 17, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्यप्रदेश), क्षेत्रफल 650.50 वर्गफुट, जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं-पूर्व खुली भूमि पश्चिम पंडित हरिदास का मकान क्रमांक 190; उत्तर-गली, दक्षिण मुख्य मार्ग

उक्त संपत्ति श्री सुनील बाथम, पिता स्वर्गीय श्री मोतीलाल बाथम द्वारा श्रीमती रामदुलारी बाथम से पंजीकृत विक्रय विलेख (बिक्री पत्र) ई-पंजीयन क्रमांक MP059692021A1307070, दिनांक 26/03/2021 के माध्यम से विधिवत अर्जित की गई है। उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्ववर्ती मूल पंजीकृत विक्रय विलेख, जिसका विवरण पुस्तक क्रमांक A-1, ग्रंथ क्रमांक 758, दस्तावेज क्रमांक 2213, दिनांक 27/09/1969 के रूप में उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में दर्ज है, गुम हो गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक (Mortgage) रखकर श्री सुनील बाथम द्वारा CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान अथवा किसी शासकीय/अशासकीय विभाग का उक्त संपत्ति के संबंध में कोई अधिकार, हित, दावा, आपत्ति अथवा प्रभार (Charge/Lien) हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में समस्त प्रासंगिक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के भीतर कोई लिखित दावा अथवा आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति, संस्था अथवा विभाग का कोई अधिकार, दावा, हित, प्रभार या आपत्ति शेष नहीं है तथा उक्त संपत्ति पर CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED का प्रथम बंधक अधिकार (First Charge) स्थापित किया जाएगा। तत्पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**वैभव राजन सक्सेना अधिवक्ता**
Offce: No. 82, Rachna Nagar, Near Rachna Tower Bhopal Mob. 9424424777

1223

**आम सूचना**

यह कि ईडब्ल्यूएस-डी-82, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अयोध्या एक्सटेंशन, अयोध्या बाय-पास रोड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल 41 वर्गमीटर, जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है-पूर्व -ईडब्ल्यूएस मकान क्रमांक डी-59; पश्चिम सड़क; उत्तर ईडब्ल्यूएस मकान क्रमांक डी-81; दक्षिण -ईडब्ल्यूएस मकान क्रमांक डी-83

यह कि श्री शिव कुमार शर्मा, पिता श्री पुरुषोत्तम शर्मा ने उपरोक्त वर्णित संपत्ति क्रय करने हेतु विक्रेता श्री यश राजपाल, पिता श्री संतोष राजपाल के साथ विक्रय अनुबंध (Agreement to Sell) निष्पादित कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त संपत्ति विक्रेता द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29/03/2017 के माध्यम से अर्जित की गई थी। संपत्ति से संबंधित पूर्ववर्ती मूल पंजीकृत विक्रय विलेख, जिसका विवरण ई-पंजीयन क्रमांक MP059712015A1159872 दिनांक 10/11/2015 पर उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में अंकित है, गुम हो गया है, जिसकी सूचना थाना अयोध्या नगर, भोपाल में दिनांक 02/08/2026 को दर्ज करा दी गई है। अतः सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति को श्री शिव कुमार शर्मा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के पक्ष में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान अथवा किसी शासकीय /अशासकीय विभाग का उक्त संपत्ति अथवा उससे संबंधित दस्तावेजों के संबंध में कोई अधिकार, हित, दावा, आपत्ति, प्रभार (Charge), ग्रहणाधिकार (Lien) अथवा अन्य वैधानिक अधिकार हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समस्त प्रासंगिक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य का कोई अधिकार या दावा शेष नहीं है तथा उक्त संपत्ति पर भारतीय स्टेट बैंक का प्रथम बंधक अधिकार (First Charge) स्थापित किया जाएगा। इसके पश्चात प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा

**वैभव राजन सक्सेना अधिवक्ता**
Offce: No. 82, Rachna Nagar, Near Rachna Tower Bhopal Mob. 9424424777

1222

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

एमजेसी एसयूसी/138/2026

NEXT DATE 23.09.2026

सुल्तान अली
बनाम
भोपाल कोआपरेटिव सेंट्रल बैंक लिमिटेड

प्रेषितिः-सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुल्तान अली पता म.नं 339 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ऐशबाग, तहसील हुजूर, जिला भोपाल ने मृतक स्व. श्रीमती कोसर जहां की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23.09.2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23.09.2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 30.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती मेघा अग्रवाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड भोपाल**

1221

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई. निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी -139-2026 दिनांक 30.07.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता ब्योहारी सब-डिविजन के अंतर्गत भरसेंडी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 2 को आर एल/एल एल से हाई लेवल तक ऊंचा करना। (काम का हिस्साः जबलपुर डिविजनः बख्लेता, रीठी, नारिओली, पथरिया, सगोनी और भरसेंडी स्टेशनों पर 06 प्लेटफॉर्म को आर एल/एल एल से हाई लेवल तक ऊंचा करना।), **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,68,00,106/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,36,000/-, **समापन अवधि :** 08 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे.बी. पी-140-2026 दिनांक रू 31.07. 2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत पटवारा स्टेशन पर 2 यूनिट आरबी-II क्वार्टर और लगरगावां स्टेशन पर 4 यूनिट आरबी-II क्वार्टर का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,17,98,198/-, **बयाना राशि रुपये :** 2,36,000/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी -141-2026 दिनांक 31.07.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप-खंड के अंतर्गत सोहागपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का आर एल / एल एल से हाई लेवल तक ऊंचा करने का कार्य ।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,71,67,539/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,43,400/-, **समापन अवधि :** 10 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी -142-2026 दिनांक 31.07.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत तीन विविध कार्य :-भाग 1:- बागरातवा सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप-खण्ड के अंतर्गत एस.एस.ई पी. वे बागरातवा के नए कार्यालय का निर्माण, साथ ही शौचालय और स्टोर की सुविधा का प्रावधान। भाग 2:- सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप-खण्ड के अंतर्गत श्रीधाम स्टेशन पर शौचालय सहित विद्युत सब-स्टेशन पैनल भवन का निर्माण। भाग 3:- सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप-खण्ड के अंतर्गत पिपरिया स्टेशन पर शौचालय सहित विद्युत सब-स्टेशन पैनल भवन का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,62,03,334/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,24,100/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **सभी निविदाओं की निविदा भरने की अंतिम तिथि एंव समय 15:00 बजे :** 25/8/2026, **सभी निविदाओं की निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे :** 25/8/2026 उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps-gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## सूडोकु नवताल- 7865

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7864 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7538



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**


5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 7537 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8935




**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**


1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

**शब्द पहेली -8934 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7377



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक ?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक ?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 7376**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7471

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | 6 | 2 |
| | 31 | 1 | 25 | 5 | 33 | |
| 3 | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 27 | | 28 | 1 | 37 | 6 |
| 2 | | | 1 | | 5 | |
| | 36 | 6 | 37 | 3 | 35 | |
| | | 4 | | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 7470 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 6 | 33 | 1 | 25 | 5 | 31 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 39 | 4 | 31 | 6 | 34 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 |
| 2 | 36 | 7 | 36 | 7 | 30 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8491

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | ग | म | गा | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| ट | रा | र | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ला | ती | झ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | म | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'हट' शब्द लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

छटपटाहट, जगमगाहट, चिकनाहट, झिलझिलाहट, चहचहाहट, चरमराहट, चिड़चिड़ाहट, तड़पाहट, बौखलाहट, बुलाहट

**शब्दजाल - 8490 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore